मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई, 2010 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 19 जुलाई, 2010 (आषाढ़ 28, 1932)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री भैरोंसिंह शेखावत, भूतपूर्व उप राष्ट्रपति,

(2) श्री दिग्विजय सिंह, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,

(3) श्री भैयाराम खूंटे, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,

(4) श्री रामकुमार अग्रवाल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

(5) श्रीमती जयाबेन, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, तथा

(6) श्री मोहनलाल झिकराम भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष वेतन तथा भत्ता विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2010 (क्रमांक 4 सन् 2010) पटल पर रखेंगे.

4. फरवरी -मार्च, 2010 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन फरवरी -मार्च, 2010 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, ग्वालियर नगर के विक्टोरिया मार्केट में अग्नि से पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा राशि न दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, प्रदेश के कृषकों द्वारा विक्रय किये गये बीज की राशि का भुगतान मध्यप्रदेश बीज निगम द्वारा न किये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 183-महेश्वर (अ.जा.) से निर्वाचित सदस्य, डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना.

9. सभापति तालिका की घोषणा.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 18 जुलाई, 2010